(4)

# दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र

## आवश्यक सूचना

दिनांक : 12.01.16

सभी प्राध्यापिकाओं एंव छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 13.01.16(बुधवार) को लोहड़ी एवं मकर संक्रान्ति पर्व महाविद्यालय प्रांगण में आर्य युवती परिषद् एवं युवा कल्याण परिषद् द्वारा आयोजित किया जा रहा है। अतः कल पीरियड़ 35–35 मिनट के लगेंगे। आप सभी सादर आमन्त्रित हैं।

प्राचार्या
Principal
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kurukshetra (Haryana)

संयोजिकाएँ
आर्य युवती परिषद् 12.1.16
युवा कल्याण परिषद् 12/1

दिनांक - 13.01.2016

लोहड़ी व मकर संक्राति के अवसर पर प्रस्तुति देने वाली छात्राओं की सूची -

(4.2)

| नाम | गतिविधि |
| --- | --- |
| 1. पूर्णिमा | गीत - ते बीबा मेरा दिल |
| 2. प्रेरणा | गीत - जे तु अंखियां दे सामने नी रहना |
| 3. यूनीस | नृत्य - हरियाणवी |
| 4. हरप्रीत कौर व समूह | गीत - सुंदर मुंदरिए |
| 5. स्वाति | नृत्य - पंजाबी |
| 6. रुपिका व अन्य | पंजाबी मिक्स नृत्य |
| 7. कविता, सिमरन व मुस्कान | ग्रुप पंजाबी डांस |
| 8. उमा एवं समूह | पंजाबी भागड़ा |

# लोहड़ी व मकर संक्रान्ति पर्व - 13.01.2016



Dr. Vijaylakshmi, the principal and Dr. Suman Rajan the convenor of the committee honouring Mrs. Namita Kaushika the chief guest



The Principal, the Convenor of the committee and staff member presenting memento the the chief guest.

# लोहड़ी व मकर संक्रान्ति पर्व - 13.01.2016



Present student on the occasion of Lohri and Makar sakranti celebration.

दैनिक जागरण - 14/1/2016



[illegible] महिला महाविद्यालय में कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करती छात्राएं।

पंजाब केसरी - 14/1/2016



लोहड़ी अलाव में आहुति डालती मुख्यातिथि व महाविद्यालय की प्राचार्या एवं प्रस्तुति देती छात्राएं।

...गह धूमधाम से मनाया गया लोहड़ी का त्योहार स्कूलों और कॉलेजों में बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

# ...ं के और नजदीक ले जाते हैं त्योहार : सुधा

...पर्व धूमधाम से मनाया गया ...आयोजित कार्यक्रम में बतौर ...सुधा ने कहा कि ऐसे पर्व ... और आपसी भाईचारा एवं प्रेम ...का आह्वान करते हुए कहा कि ...बनाने के लिए छात्राओं का ...युवती परिषद्, महिला प्रकोष्ठ ...त किया गया। इस मौके पर ...युवती परिषद् संयोजिका डॉ. ...नरेश जोशी, डॉ. कमलेश ...और गांव मिर्जापुर के राजकीय ...के साथ लोहड़ी मनाई। पंजाबी ...इतिहास की विद्यार्थियों को ...लोहड़ी गीत सुनाया। हिंदी प्रवक्ता ...पर प्राचार्य डॉ. सत्पाल सिंह ...र, पूर्णिमा, सविता, कविता, ...समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



दयानंद महिला महाविद्यालय में लोहड़ी पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देतीं छात्राएं।



मिर्जापुर के राजकीय विद्यालय में विद्यार्थियों के साथ लोहड़ी पर्व मनाते शिक्षक।

## भाईचारे का प्रतीक है लोहड़ी पर्व : सुशील राणा

करनाल। लिटिल स्टार पब्लिक स्कूल कुंजपुरा में लोहड़ी पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्रिंसिपल नीलम शर्मा ने की। विशेष अतिथि के रूप में समाज सेवी सुशील राणा ने शिरकत की। सुशील राणा ने बच्चों व स्कूल स्टाफ को लोहड़ी पर्व की बधाई देते हुए कहा कि लोहड़ी पर्व भाईचारे का प्रतीक त्योहार है। यह पर्व हमें अपनी संस्कृति से जुड़े रहने के लिए प्रेरित करता है। देशभर में आज लोहड़ी पर्व मनाया जा रहा है। शाम के समय अग्नि प्रज्वलित कर विश्व शांति और परिवार की सुख समृद्धि के लिए कामना की जाती है। समाज सेवी सुशील राणा की ओर से बच्चों में मूंगफली व रेवड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। बच्चों की ओर सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। स्कूल प्रिंसिपल नीलम शर्मा ने सभी को लोहड़ी पर्व की बधाई देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रवीण शर्मा, मंजु, कनिका, सुमन, साक्षी, मधु, नेहा, मीनू, पूनम, सोनिया, अनु, मुक्ता, गीतांजलि, जागृति, शिल्पा, ममता, रेनू, बबीता, आशा, रुक्मणी सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

## ...ारतीय संस्कृति के ज्ञान ...ते हैं रूबरू

...ालय में लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का ...दीप प्रज्वलित व लोहड़ी की पुजा अर्चना कर किया। इस मौके ...परमार ने कहा कि भारत में सभी त्योहारों का अपना महत्व है ...मनाया जाता है। त्योहार मनाने से जहां आज की ...महत्व के बारे में पता चलता है। इसके बाद ...रेवड़ी व मूंगफली का प्रसाद वितरित ...

## बेटियों के साथ मनाई लोहड़ी

करनाल। बेटियों के जन्म पर लोहड़ी मना कर समाज में बेटियों को सम्मान दिलाने की 12 वर्ष पूर्व शुरू हुई निफा की मुहिम अब परवान चढ़ती नजर आ रही है। बुधवार को नेशनल इंटीग्रेटिड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टीविस्ट्स (निफा) द्वारा 12वें वार्षिक आयोजन लोहड़ी बेटी के नाम का हरियाणा के 12 जिलों में सफल आयोजन कर कुछ ऐसा ही संदेश दिया। सरबत दा भला चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से इस वर्ष आयोजित लोहड़ी बेटी के नाम कार्यक्रम हरियाणा पुलिस के महिलाओं के विरुद्ध अपराध विभाग की आईजी सुमन मंजरी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. एसपी सिंह ओबराय, अति विशिष्ट अतिथि हरियाणा बाल कल्याण परिषद की महासचिव संतोष अरोड़ा, विशिष्ट अतिथि जेल अधीक्षक शेर सिंह, एसबीएस स्कूल के सचिव गुरविंदर पाल सिंह एडवोकेट, निफा अध्यक्ष प्रितपाल सिंह पन्नू व संयोजक एडवोकेट नरेश बराना के साथ मिलकर एक वर्ष से कम आयु की बच्चियों की पहली लोहड़ी की अग्नि प्रज्वलित की व लोहड़ी पूजन किया। जिला महिला बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित निफा व सरबत दा भला चैरिटेबल ट्रस्ट के सांझे प्रयास से आज लगभग 600 कन्याएं व उनके अभिभावक शामिल हुए। आईजी सुमन मंजरी ने कहा कि 12 वर्ष पूर्व निफा द्वारा शुरू की गई यह मुहिम आज आंदोलन बन चुकी है व हर शहर, कस्बे में बड़ी संख्या बेटियों की लोहड़ी मनाने के लिए आगे आ रही है व माता-पिता स्वयं भी अब बेटियों के जन्म पर समाज में खुशी मनाने के लिए आगे आ रहे हैं।

## डीएवी में धूमधाम से मनाई गई लोहड़ी

करनाल। डीएवी पीजी कॉलेज में बुधवार को लोहड़ी ... से मनाया गया। कॉलेज स्टाफ सदस्यों ने ढोल की ... जमकर भांगड़ा किया और गीत संगीत के बीच एक दूसरे को बधाई ... सदस्यों ने आग जलाकर मुंगफली व रेहड़ी की आहूति डाल ... की उन्नति एवं समृद्धि की कामना की। इसके अलावा प्राध्यापिकाओं ने पंजाबी बोलियां पा कर कार्यक्रम का चारचांद लगा दिया। ... पर सभी विद्यार्थियों को मूंगफली व रेवडीयां बांटी गई।

# प्रैस-नोट

दिनांक: 13.01.2016

आज दिनांक 13.01.16 को दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र में लोहड़ी एवं मकर-संक्रान्ति के पावन पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्यातिथी नगर परिषद् की अध्यक्षा श्रीमती उमा सुधा रहीं। सर्वप्रथम महाविद्यालय की प्राचार्या महोदया डॉ॰ विजयलक्ष्मी सिंह एवं आर्य युवती परिषद् तथा युवा कल्याण परिषद् की संयोजिका डॉ॰ सुमन राजन और डॉ॰ नरेश जोशी ने मुख्यातिथी का फूलों के गुच्छे देकर स्वागत किया। ~~डॉ॰ नरेश जोशी~~ महाविद्यालय की प्राचार्या महोदया ने मुख्यातिथी का परिचय देते हुए उनका स्वागत किया। तत्पश्चात् वैदिक मन्त्रोच्चारण के साथ लोहड़ी अलाव में हवन सामग्री और रेवड़ी-मूंगफली की आहुतियाँ डाली गई। मुख्यातिथी श्रीमती उमा सुधा और प्राचार्या महोदया द्वारा अलाव प्रज्ज्वलित की गई। महाविद्यालय की संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा लोकगीतों की सुन्दर एवं मधुर प्रस्तुतियाँ दी गई। छात्राओं ने सुन्दर-मुन्दरिये हो गीत गाकर लोहड़ी पर्व का महत्त्व बताया। छात्राओं द्वारा गिद्दा और भाँगड़ा की युगल प्रस्तुतियाँ दी गई। मुख्यातिथी श्रीमती उमा सुधा ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोहड़ी और संक्रान्ति जैसे पर्व हमें हमारी संस्कृति के और नजदीक लेकर जाते हैं। ऐसे पर्व समाज में

आपसी भाईचारा और प्रेम बढ़ाते हैं। मुख्यातिथी ने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने का आह्वान करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ का जो अभियान शुरू किया गया है, उस अभियान को सफल बनाने के लिए छात्राओं का आत्मनिर्भर होना बहुत आवश्यक है। मुख्यातिथी ने पंजाबी गाने की पंक्तियों को गुनगुनाते हुए कार्यक्रम को और भी मनोरंजक बना दिया। उपस्थित छात्राओं और प्राध्यापिकाओं को मुख्यातिथी ने लोहड़ी पर्व की बहुत-बहुत बधाई दी। युवा कल्याण परिषद की संयोजिका डॉ॰ नरेश जोशी ने मुख्यातिथी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के अन्त में स्मृति चिन्ह भेंट करके मुख्यातिथी का आभार अभिव्यक्त किया गया। अन्त में सभी छात्राओं और उपस्थित प्राध्यापिकाओं एवं नॉन-टीचिंग कर्मचारियों में मूंगफली रेवड़ी का प्रसाद वितरण किया गया।

[illegible]
13.01.16